# सीएम ने टूटू में श्री कामनापूर्ण गौशाला का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरूवार को शिमला जिला के टूटू में श्री कामनापूर्ण गौशाला का निरीक्षण किया और इसकी कार्यप्रणाली के संबंध में संचालन समिति से जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री इससे पूर्व गत सुबह कांगड़ा के गग्गल हवाई अड्डे से जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट पहुंचे। इसी दौरान टूटू में गौशाला के समीप खड़े कुछ लोगों को देखकर उन्होंने अपना काफिला रुकवा दिया। गौशाला संचालन समिति टूटू ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया और सरकार द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं को सराहा। स्थानीय लोगों ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं से प्रदेशवासी लाभान्वित हो रहे हैं। लोगों ने मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन-1100 को बेसहारा पशुओं के रेस्क्यू के साथ लिंक करने की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे बेसहारा पशुओं की समस्या पर नियंत्रण पाने में कामयाबी



मिलेगी। स्थानीय निवासियों ने कहा कि सरकार के प्रयासों और आमजन के सहयोग से बेसहारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सकता है।समिति ने गौशाला से संबंधित अपनी माँगें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गौशाला संचालन समिति के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर, केएल डोगरा, आरके पराशर, जेपी गर्ग सहित अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## पुनीत शर्मा ने संभाला जल शक्ति विभाग ऊना में एक्सईएन का कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जल शक्ति विभाग ऊना डिवीजन में एक्सईएन के पद पर पुनीत शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है। उनका तबादला यहां नालागढ़ डिवीजन से हुआ है। पुनीत शर्मा ने नालागढ़ में तीन वर्ष सेवाएं दी। मूलतः बिलासपुर के रहने वाले पुनीत शर्मा की प्रथम ज्वाइनिंग वर्ष 2009 में शिमला में बतौर एसडीओ हुई थी। पुनीत शर्मा ने फील्ड कर्मचारियों को सीधा दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि लोगों की समस्याएं मौके पर हल की जाएं, ताकि किसी को भी परेशानी से दो-चार न होना पड़े। उन्होंने कहा कि समय-समय पर फील्ड कर्मचारी जहां भी पानी की समस्या हो उसकी तुरंत रिपोर्ट विभाग के अधिकारियों को भी करें और मौके पर भी उसका निपटारा किया जाए, ताकि गर्मी और बरसात के दिनों में पानी की समस्या न रहे।

# एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना में किया पौधारोपण



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण -2 में चल रहे 'स्वच्छता पखवाड़ा-2023इ के अंतर्गत 31 मई, 2023 को परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह ने पार्बती कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। तत्पश्चात परियोजना प्रमुख ने सभी कार्मिकों से यथा संभव कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगा के कार्यालय परिसर को सुंदर बनाने की अपील की। इस अवसर पर रंजीत सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिक), साजन मोइददीन, महाप्रबंधक (यांत्रिक), श्वेता ओझा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं अन्य कार्मिक भी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बोगधार मेले में 1000 महिलाएं महानाटी डालकर देंगी संदेश


**उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री होंगे मुख्य अतिथि**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पांच जून पर्यावरण दिवस पर जल शक्ति विभाग हिमाचल प्रदेश सिरमौर जिला के बोगधार मेले के दौरान राज्य स्तरीय विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन करेगा। इस आयोजन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश  मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक विनय कुमार करेंगे। उस दिन उप मुख्यमंत्री हर घर के लिए एक संकल्प पत्र का विमोचन भी करेंगे। जिसमें परिवार से पेयजल संरक्षण और संग्रहण की अपील की गई है।  जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता एवं राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के निदेशक ई. जोगिन्द्र चौहान ने जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि पेयजल संरक्षण और गुणवत्ता का संदेश देने के लिए महानाटी का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें जिला और प्रदेश से लगभग एक हजार से अधिक महिलाएं हिस्सा लेंगी। प्रदेश के जाने-माने लोक गायक डॉ.के.एल. सहगल अपने गीतों के माध्यम से जल जागरुकता का संदेश देंगे। चौहान ने बताया कि इस आयोजन से महानाटी में भाग लेने वाली हर महिला के घर और गांव तक पेयजल जागरुकता का संदेश जाएगा और साथ ही प्रदेश भर में भी एक व्यापक संदेश पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग की ओर से 1 मई से पेयजल संरक्षण और गुणवत्ता पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अब तक प्रदेश भर में सैंकड़ों स्थानों पर पानी की जांच की जा चुकी है जिसमें गांव, स्कूल, आंगनबाडि?ां आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बरसात और गर्मियां आने से पहले जल शक्ति विभाग लोगों को स्वच्छ पेयजल देने की अपनी प्रतिबद्धता के तौर पर यह तैयारी कर रहा है ताकि लोगों को साफ और पीने योग्य पानी दिया जा सके। इसके साथ लोग स्वयं भी पेयजल स्त्रोतों को साफ  रखने के प्रति सचेत रहें।

### मोबिल ने ऋतिक रोशन को बनाया नया ब्रांड एंबेसडर

**शिमलाः** मोबिल जो ल्यूब्रीकेशन टेक्नोलॉजी इनोवेशन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर है ने आज बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया। अपने आत्मविश्वास और बेजोड़ ऊर्जा के साथ मशहूर एक्टर ऋतिक रोशन मोबिल को मानव प्रगति को बढ़ावा देने,विश्वास निर्माण एवं ग्राहकों को उनकी वास्तविक क्षमता को पहचानने में ब्रांड की बेमिसाल पसंद के रूप में उभरे हैं।एक्जोन मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विपिन राणा ने कहा भारत में ऋतिक रोशन को अपने मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स के साथ पार्टनर बनाए जाने को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं।हमें भरोसा है कि उनका व्यक्तित्व ट्रेड पार्टनरों से प्रतिध्वनित होगा एवं उपभोक्ताओं में जबरदस्त भरोसा कायम होगा जिससे उन्हें भारत में ल्यूब्रीकेशन की जरूरतों को पूरा करने की मोबिल की क्षमता में विश्वास पैदा होगा।ब्रांड एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए अभिनेता ऋतिक रोशन ने कहा मै मोबिल और इसके भरोसेमंद ब्रांड के साथ पार्टनरशिप करने के लिए बड़ा उत्सुक हूं जिसे न केवल भारत में अपितु दुनिया भर में पहचाना जाता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि लोगों के जीवन और समुदाय को बेहतर बनाने में चैंपियंस के प्रयासों के पीछे आत्मविश्वास ही सच्ची प्रेरक शक्ति है और वह यही मोबिल ब्रांड है। इससे पहले एक्जोन मोबिल ने ऋतिक रोशन की एक्शन थ्रिलर विक्रम वेधा में पार्टनरशिप की थी जिसमें यह संदेश दिया गया कि सही विकल्प का चयन करके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। मोबिल एक सदी से भी अधिक समय से टेक्नोलॉजी लीडर और भरोसेमंद पार्टनर के रूप में दुनिया की ल्यूब्रीकेशन जरूरतों को पूरा कर रहा है।इन मोबिल उत्पादों को उपभोक्ताओं की उनकी कारों,ट्रकों एवं मोटर साइकिलों के इंजन के शानदार प्रदर्शन एवं सुरक्षा प्रदान करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है।



# कृषि मंत्री के बेटे ने अपनी ही सरकार पर कसा तंज

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कांगड़ा दौरे के बीच कृषि मंत्री चंद्र कुमार के बेटे व पुर्व सीपीएस नीरज भारती ने अपनी ही सरकार पर तीखा तंज कसा है। कांग्रेस पार्टी के दो बार विधायक और सीपीएस रह चुके नीरज भारती ने अपने फेसबुक पेज पर उस समय पोस्ट डाली जब मुख्यमंत्री बुधवार को फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे।

मुख्यमंत्री के साथ नीरज भारती के पिता कृषि मंत्री चंद्र कुमार भी थे। नीरज भारती ने अपने फेसबुक पेज पर डाली पोस्ट में लिखा है कि व्यवस्था परिवर्तन




तब होगा, जब अवस्था परिवर्तन होगा। अवस्था अभी भी वैसी ही है जैसे दिसंबर 2022 तक थी। गोर हो कि नीरज भारती पहले भी सोशल मीडिया में अपनी पोस्टों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। सूबे की एक चौथाई 15 विधानसभा सीटों वाला कांगड़ा जिला हिमाचल का सबसे बड़ा जिला है।

# रोड सेफ्टी क्लब काला अंब ने बताया हेलमेट का महत्व

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

औद्योगिक क्षेत्र काला अंब में रोड सेफ्टी क्लब और थाना पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में सडक सुरक्षा जागरूक अभियान चलाया गया। सडक पर सुरक्षा को लेकर लगाए गए इस जागरूकता अभियान शिविर की शुरूआत थाना अध्यक्ष मोहर सिंह के द्वारा की गई।वहीं रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष सोमनाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में साथ लगते राज्य से बहुत से ऐसे लोग हैं जो अपने दोपहिया वाहन पर बिना हेलमेट के आते हैं।उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट लगाना चालान से बचने को लेकर जरूरी नहीं है बल्कि यह सडक पर जीवन




सुरक्षा का सबसे बड़ा कवच भी है।वहीं क्लब के सदस्यों में शामिल जगमाल मजीद वेल्डर सुरजीत सिंह शकील मोहम्मद सहित काला आम थाना की पूरी टीम ने एंट्री बैरियर व बस अड्डे पर आने जाने वाले तमाम वाहन चालकों व दोपहिया वाहन चालकों को सडक पर सुरक्षा के बारे में बताया।बता दें कि क्लब के द्वारा हाल ही में हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक अजय सोलंकी एसपी रमन कुमार मीणा के द्वारा क्लब के सदस्यों के सहयोग से दो पहिया वाहन चालकों को दर्जनों हेलमेट बांटे गए थे। बात तो यह है कि रोड सेफ्टी क्लब काला आम के द्वारा चलाए गए जागरूकता कार्यक्रमों के परिणाम स्वरूप अब केवल इक्का-दुक्का लोग ही ऐसे हैं जो दो पहिया वाहन पर जगह हेलमेट नजर आते हैं। क्लब के अध्यक्ष सोमनाथ में इसके लिए क्लब के सदस्यों और पुलिसकर्मियों को बधाई का पात्र बताया।सोमनाथ ने तमाम वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि दो पहिया वाहन पर पीछे बैठे व्यक्ति को भी हेलमेट पहनाए यही नहीं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। वहीं उन्होंने उन ट्रैक्टर चालकों को चेतावनी देते हुए भी कहा कि वह अपने अपने ट्रैक्टरों पर से ध्वनि प्रदूषण करने वाले बड़े-बड़े साउंड सिस्टम को जल्द से जल्द हटा दें अन्यथा सडक सुरक्षा नियमों के तहत उन पर कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

# 3 जून तक जारी रहेगी सद्भावना योजना

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद

उपायुक्त राज्य कर व आबकारी चंबा कंवर शाह देव कटोच ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य कर एवं आबकारी विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रदेश में व्यापारियों के कर निर्धारण में राहत देने के लिए स्वर्ण जयंती सदभावना योजना को लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि जारी आदेशों के अनुसार इस योजना को 7 जून, 2023 तक जारी रखने के बजाय अब 3 जून, 2023 तक ही जारी रखा जाएगा। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी के व्यापारियों को जिनका कर निर्धारण लम्बित है, को लाभ



प्रदान किया जाएगा। इस योजना के अन्तर्गत 1 जुलाई, 2017 से पहले पंजीकृत व्यापारी जिनका कर निर्धारण नहीं हुआ है उनको लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके अन्तर्गत जिन व्यापारियों ने मासिक/त्रैमासिक विवरणी (रिटर्न) समय पर जमा करवा दी है व कर भी समय पर जमा करवाया है, उनका कर निर्धारण बिना किसी  शुल्क (सेटलमेंट फ ीस के किया जाएगा। इसके अलावा जिन व्यापारियों ने विवरणी (रिटर्न) समय पर जमा नहीं करवाई है परन्तु कर समय पर जमा करवाया है उन करदाताओं से कर का 10 प्रतिशत सेटलमेंट फीस वसूल की जाएगी तथा जिन व्यापारियों ने न तो समय पर विवरणी और न ही कर जमा करवाया है उनसे 110 प्रतिशत सेटलमेंट फीस वसूल की जाएगी। यह योजना 3 जून, 2023 तक ही लागू रहेगी।

## ट्रक से टकराई बाइक, तीन श्रद्धालु जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

ट्रैफिक लाइट चौक ऊना के समीप रेत से भरे एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन श्रद्धालु जख्मी हुए हैं। तीनों को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भर्ती करवाया गया, जहां पर उनका उपचार जारी है। वहीं पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रूस्तम सिंह निवासी कपूरथला पंजाब अपने साथी मनप्रीत सिंह व सावर हंस के साथ बाइक पर सवार होकर पीरनिगाह मंदिर माथा टेकने जा रहे थे।

# सिस्सू क्षेत्र को स्वच्छ व हरा-भरा रखने के लिए होटल व गेस्ट हाउस मालिकों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला उद्योग केंद्र, केलांग द्वारा मिशन लाइफ  अभियान के तहत महिला मंडल भवन सिस्सू में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जिसमें से सिस्सू ग्राम पंचायत व आसपास के गांवों के ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन  के प्रति जागरूक किया गया। होटल व होमस्टे व्यवसाय से जुड़े अतिथि सत्कार सेवाओं के युवक एवं महिला मंडल के लगभग 50 के करीब  सदस्य मौजूद रहे। छिमे आंगमो, महाप्रबंधक डीआईसी केलांग ने बताया कि मिशन जीवन अभियान के लक्ष्य और उद्देश्य सांझा किये गए और  होटल व गेस्ट हाउस मालिकों से आग्रह  किया गया कि सिस्सू क्षेत्र को स्वच्छ व हरा.भरा रखें।

उनसे यह भी अनुरोध किया गया कि वे अपने स्वागत क्षेत्रों में अपने मेहमानों को ठहरने की व्यवस्था के दौरान पानी और बिजली बचाने के लिए जागरूक करें।राजेश शर्मा, प्रबंधक डीआईसी केलांग ने जागरूकता शिविर के दौरान कहा कि होटल व होमस्टे व्यवसाई स्लोगन के माध्यम से भी सडक पर सुरक्षित और समझदार ड्राइविंग और पहाड़ी क्षेत्रों में यातायात नियमों



का पालन सुनिश्चित बनाने के लिए प्रेरित करें और पर्यावरण स्वच्छता का संदेश देते हुए आकर्षक साइनेजीज भी लगवाए।होटल व्यवसायियों और होमस्टे संचालकों ने शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए व पौधरोपण करने के लिए भी संकल्प लिया और उन्हें शपथ भी दिलवाई गई।शिविर में प्रेरित होकर  स्थानीय लोग वन भूमि में जुनिपर के पौधे रोपित करने के लिए भी उत्सुक दिखे। जिला कृषि अधिकारी गगन दीप ने बताया कि मिशन लाइफ  के तहत लोअर केलांग में भी कृषि विभाग आत्मा प्रोजेक्ट द्वारा प्राकृतिक खेती, अन्य तकनीकों के बारे में भी प्रशिक्षित व जागरूक किया गया।

प्रशिक्षण शिविर महिलाओं में विशेषकर उत्साह देखा गया। मिशन लाइफ  के तहत जिला भर में विभिन्न विद्यालयों व ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण जागरूकता को लेकर गतिविधियां आयोजित की गई।

# हिमाचल विस. में 12 जून को 'बाल सत्र' का  किया जाएगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 12 जून को ऐतिहासिक 'बाल सत्र' का आयोजन किया जाएगा। विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर डिजिटल बाल मेला द्वारा आयोजित इस सत्र में देश भर के 68 बच्चे राजनीतिक एवं सामाजिक मुद्दों पर अपनी आवाज दुनिया के सामने मुखर करेंगे। हालाँकि ज्यादातर बच्चे हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह बच्चे हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के तत्वाधान में 3 माह तक चले बच्चों की सरकार कैसी हो, अभियान के तहत चुने गये है। इस में सरकारी,



गैरसरकारी व स्कूल न जाने वाले 1,085 बच्चों ने अपनी समस्याओं और उनके सुझावों पर वीडियो बनाया और रजिस्टर किया जिसकी अवधि 1 अप्रैल से 25 मई रखी गई थी। बच्चों की एंट्रीज देश भर के कुल 9 राज्यों से आयी है जिनमें हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, गुजरात, असम, बिहार राज्य प्रमुख है। इन बच्चों के चयन हेतु डिजिटल बाल मेला द्वारा गठित जजेस की टीम ने बच्चों का मूल्यांकन उनके द्वारा रखे गये सुझाव, समस्या की गंभीरता एवं इन्हें रखने के तरीके.के आधार पर किया। चयन प्रक्रिया कुल 3 भागों में बाटी गई है इन में पहले भाग में वीडियो क्राईटेरिया पूरा करने वाले 585 बच्चों का चयन हुआ। दूसरे चरण में बच्चों की अभिव्यक्ति के आधार पर 285 बच्चे पैनल द्वारा चयनित किए गए। अब तीसरे एवं आखिरी चरण में बच्चों द्वारा उठाये गये मुद्दों की अहमियत एवं सुझावों की जरूरत के आधार पर 68 बच्चों की चयन प्रक्रिया जारी है, जिसका परिणाम जल्द जारी कर दिया जाएगा। चयन प्रक्रिया के समय बच्चों ने कई गंभीर मुद्दों पर अपनी बात रखी एवं अहम सुझाव हमारे साथ साझा किए। इन में हिमाचल में बढ़ती बेरोजगारी के लिए युवाओं के लिए कैरियर काउंसलिंग, हिमाचल के किसानों की फ सलों की मार्केटिंग, खेलों को बढ़ावा देने के लिए साप्ताहिक खेल प्रतियोगिताएँ, ट्रैफि क के रोकथाम हेतु राज्य की बसों का सशक्तीकरण एवं शिक्षा के सुधार के लिए छोटे-छोटे प्रयास शामिल है। इन सुझावों पर विस्तृत चर्चा बच्चों द्वारा 'बाल सत्र' में की जाएगी।

# 8 जून को चिन्हित स्थानों पर बचाव तथा राहत कार्यों को लेकर मॉकड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मानसून से पहले बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए छह जून को टेबल टॉप अभ्यास करेगा। 8 जून को चिह्नित स्थानों पर बचाव तथा राहत कार्यों को लेकर मॉकड्रिल की जाएगी। इस जिला परिषद हॉल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रशांत सर के ने की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान जिला में बाढ़, भूस्खलन आदि आपदाओं का खतरा बना रहता है। बेहतर आपदा प्रबंधन से इन आपदाओं से



होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर आपदा प्रबंधन प्लान भी तैयार किया गया है। मेगा अभ्यास से आपदा प्रबंधन प्लान को अपडेट करने में मदद मिलेगीए वहीं आपातकालीन सहायता तथा राहत पुनर्वास के कार्यों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय स्थापित भी हो सकेगा ताकि आपातकालीन स्थितियों में प्रत्येक विभाग के अधिकारी अपने अपने विभागों से संबंधित कार्यों को निपुणता के साथ पूर्ण कर सकें। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल में सेना, अर्धसैन्य बल, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल जैसी केंद्रीय एजेंसियों के अलावा जिला के आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील राज्य है। हिमालयी क्षेत्र होने के नाते इसकी भौगोलिक एवं मौसमी परिस्थितियां से विभिन्न प्रकार की आपदाओं एवं प्राकृतिक विप्पतियों का खतरा बना रहता है। इस प्रकार की घटनाओं का सामना करने और तैयारियों का स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य के सर्वाधिक संवेदनशील जिलों में से एक कुल्लू जिला में भूकंप जैसी आपदा पर एक बृहद अभ्यास होगा। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य समस्त हितधारकों के बीच जागरुकता पैदा करना, प्रतिक्रिया मशीनरी का आंकलन और आपदाओं से निपटने की तैयारियों में तत्परता एवं कमियों का पता लगाना और इसमें सुधार करना है।

# विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री से की भेंट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

लोक निर्माण, युवा सेवा एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार सांय नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट की। विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया कि प्रदेश सरकार ने खिलाडियों और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए इस वर्ष सितम्बर माह में एक मेगा खेल आयोजन 'रूरल ओलंपियाड गेम्स' आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसमें वालीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, मुक्केबाजी, फुटबॉल आदि



खेलों की उपमण्डल, जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएंगी। प्रतियोगिता में लगभग 50,000 लडके और लड़कियां भाग लेंगे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से मंत्रालय या विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से कार्यक्रम को प्रायोजित करने या वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया।

## न्यूज फ्लैश

### 12 से 15 जून तक ब्लॉक स्तर पर लेंगे शिविर

**मथुरा।** जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद मथुरा में निवासरत दिव्यांगजनों को नित्य जीवन, सहायक उपकरणों के नि:शुल्क वितरण के लिए एडिप योजनान्तर्गत परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों का आयोजन 12 से 15 जून तक विभिन्न विकास खंडों में किया जायेगा। शिविर का आयोजन 12 जून को विकास खंड चौमुंहा सभागार, 13 जून को विकास खंड छाता सभागार, 14 जून को विकासखंड मांट सभागार में तथा 15 जून को विकासखंड नौहझील सभागार में होगा। इन शिविरों में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों की पात्रता की जांच की जाएगी। परीक्षण शिविर में दिव्यांगजन को अभिलेखों के साथ उपस्थित होना है। जिसमें एडिप योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये भारतीय नागरिक होना आवश्यक है, पहचान प्रमाण पत्र (आधार कार्ड, मतदाता कार्ड, राशन, बीपीएल कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स), दिव्यांग प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जिनकी सभी स्त्रोतों से मासिक आय 22500 रुपए प्रति माह से कम हो वह राजस्व विभाग, सांसद, विधायक एवं ग्राम प्रधान द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा लाभार्थी ने तीन वर्षों में भारत सरकार, राज्य सरकार या अन्य सामाजिक योजना के अन्तर्गत किसी शासकीय, अशासकीय व अन्य संस्था से कई उपकरण प्राप्त न किया हो।

### ससुरालीजनों पर मारपीट करने का लगाया आरोप

**मथुरा।** जैंत थाना क्षेत्र के गांव अहिल्यागंज निवासी एक महिला ने अपने पति समेत ससुरालीजनों पर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पीड़ित महिला नवल देवी ने अपने पति भूदेव पर आये दिन प्रताड़ित व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार उसका विवाह तीन वर्ष पूर्व हुआ था। महिला की माने तो मामूली बात पर पति बुरी तरह लाठी डंडों और बेल्ट से उसके साथ मारपीट करता है। मंगलवार को भी उसके साथ लात घूंसों से जमकर मारपीट की। जिससे उसके सिर व शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। बुधवार को अपने परिजनों के साथ थाना जैत पहुंची पीड़िता ने पुलिस को पति, देवर, जेठ समेत आधा दर्जन से अधिक ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। वही विवाहिता के भाई रामनिवास के अनुसार जब वह ससुरालीजनों को समझाने गया तो उसके साथ भी अभद्रता की गई। फिलहाल पुलिस ने विवाहिता का मेडिकल कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चार पहिया वाहन की टक्कर से किशोर की मौत

**मथुरा।** गुरुवार की पूर्व रात्रि मथुरा से सौंख लौटते किशोर की चार पहिया वाहन से टकरा कर मौत हो गई। किशोर अपने माता पिता की इकलौती संतान थी। किशोर की मौत की खबर सुनकर कस्बा में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार की शाम अभिषेक पुत्र प्रेम सिंह अपने दोस्तों के साथ किसी कार्यक्रम में भाग लेने मथुरा गया था। देर रात मथुरा से लौटते समय थाना हाईवे क्षेत्र के गांव नगला माना के समीप चार पहिया वाहन से किशोर की बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार अभिषेक और उसका एक दोस्त बुरी तरह घायल हो गए। राहगीर और पुलिस ने घायल दोनों किशोरों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। लेकिन उपचार के दौरान अभिषेक की मौत हो गई। अभिषेक अपने माता पिता की इकलौती संतान थी। किशोर बारहवीं कक्षा में पढ़ रहा था। किशोर की मृत्यु का समाचार सुनकर कस्बा में शोक की लहर दौड़ गई। इस बारे में किशोर के ताऊ प्रमोद कुमार ने बताया कि रात को मथुरा से लौटते समय किशोर को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान किशोर की मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। चौकी प्रभारी मंडी चौकी ने बताया कि युवक की मौत की सूचना है लेकिन परिजनों ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। तहरीर आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कांगड़ा वैष्णो व अन्य देवियों के दर्शन के लिए एक बस रवाना

**मथुरा।** कस्बा से हिमाचल के कांगड़ा जिला स्थित राजेश्वरी देवी नगरकोट वाली मैया वैष्णो देवी व अन्य देवियों के दर्शनों के लिए एक बस को रवाना पथवारी मंदिर से हुई। कस्बा के पथवारी मंदिर के सेवायत दाऊजी भगत ने बताया कि एक बस के यात्री नो देवियों के दर्शन करते हुए दसवे दिन वापस आएंगे । नो दिन मध्य भक्तजन कालिका देवी कुरुक्षेत्र नैना देवी चिंतपूर्णी देवी नगरकोट ज्वाला जी देवी बैधनाथ चामुंडा वैष्णो देवी शिवखोड़ी अमृतसर के स्वर्ण मंदिर जलियांवाला भाग बाघा बॉर्डर ऋषिकेश नीलकंठ महादेव हरिद्वार में चंडी देवी व माँ मंशा देवी के दर्शन करते हुए बलदेव स्थित दाऊजी महावन गोकुल के दर्शन करेंगे । यात्रा में चेयरमैन प्रतिनिधि ठा. कारे बाबा हेमन्त शर्मा नारायण सिंह प्रहलाद दादा मोहरों मास्टर सत्यपाल नरेश पहलवान भप्पा भगत जी ऋषि गोविंदा तोताराम भूपाल राकेश करन पाल गिर्राज सिंह मुरारी रामकिशन आदि भक्तजन शामिल थे ।

# किसान जितना सशक्त होंगे, उतना ही समृद्ध होगा: विधायक महिपाल टाडा

## एक किसान गोष्ठी का आयोजन हनुमान वाटिका नारायणगढ़ में किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में चलाये जा रहे महासंपर्क अभियान के अन्तर्गत एक किसान गोष्ठी का आयोजन हनुमान वाटिका नारायणगढ़ में किया गया। भाजपा किसान मोर्चा जिला अम्बाला द्वारा आयोजित इस किसान गोष्ठी में पानीपत से विधायक एवं किसान मोर्चा हरियाणा प्रदेश प्रभारी महिपाल ढांडा ने बतौर



मुख्यतिथि शिरकत की और गोष्ठी को सम्बोंधित किया। किसान गोष्ठी की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल राणा ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा ने शिरकत की। किसान गोष्ठी में जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडीए जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र राणाए किसान मोर्चा जिला प्रभारी जसविंदर अम्बलीए मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष संजीव सरपंच सहित किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। किसान गोष्ठी में विधायक

**8 केन्द्र की 9 वर्ष की उपलब्धियों एवं किसान हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी**

महिपाल ढांडा ने केन्द्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों एवं किसान हित में चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किसान एवं गरीब के कल्याण के लिए किये गये कार्यो एवं स्कीमों से भी अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत किसान परिवार को 6 हजार रुपए वार्षिक सहायता राशि मिलती है। उन्होंने कहा कि किसान जितना सशक्त होगेंए नया भारत भी उतना ही समृद्ध होगा। इसी सोच के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी किसानों के कल्याण के लिए काम कर रहे है।

## मछली विभाग की योजनाओं का किसान लाभ उठायें: रवि

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** जिला मत्स्य अधिकारी अम्बाला रवि बाठला ने जिले के किसानों से आग्रह किया है कि मत्स्य किसान सरकार द्वारा दी गई योजनाओंध्अनुदान का लाभ उठाये। जिसमें सोलर पम्प सैट लगाने हेतू कुल परियोजना लागत 4.00 लाख प्रति 10 किलोवाट का 50 प्रतिशत अनुदानए तालाबों पर ऐरियेटर लगाने हेतू 50 प्रतिशत अनुदान या 20000/- प्रति ऐरियेटर जो भी कम हो। ऐरियेटर लगाने से तालाबो में आक्सीजन की मात्रा बढती है तथा मछली के मरने का जोखिम कम होता है तथा मछली की बढौतरी अधिक होती है।

नये तालाब की खुदाई पर प्रति हेक्टेयर 7.00 लाख परियोजना लागत पर 40 प्रतिशत अनुदान सामान्य जाति तथा 60 प्रतिशत



अनुदान अनुसूचित जाति एवं महिलाओं के लिए है। तालाब की खाद खुराक हेतू प्रति हेक्टेयर 4.00 लाख परियोजना लागत पर 40 प्रतिशत अनुदान सामान्य जाति एवं 60 प्रतिशत अनुदान अनुसूचित जाति एवं महिलाओं को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस ग्राम पंचायतों के पास उबड खाबड जमीन है तथा उनमें तालाब बनाकर पंचायत की आमदनी बढाना चाहते है तो विभाग द्वारा सरकारी खर्च पर तालाब बनाया जायेगा।

## इधर अतिक्रमण कर बनाया मकान उधर दरवाजे पहुंचा बुलडोजर

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। कोसी कलां नगर** पालिका प्रशासन ने शहर के मोहल्ला निकासा स्थित पशु पैंठ में अतिक्रमण कर बनाई दुकान को चंद मिनटों में ही धराशायी कर दिया। अतिक्रमणकारियों को सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने के अंजाम भुगतने की भी चेतावनी दी है। कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हुआ तो तोड़फोड़ की कार्रवाई तो होगी ही आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। दरअसल इन दिनों नगर पालिका प्रशासन के तेवर जरा सख्त हो गए हैं। शिकायत की जांच और उस पर कार्रवाई में अब वक्त लगने के दिन अब लद गए। इसकी बानगी गुरुवार को उस समय देखने को मिली जब चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल एवं कार्यवाहक ईओ अनिरुद्ध भारती लखनऊ बैठक में भाग लेने गए हुए थे। तभी पशु पैंठ में आरोपित



असलम ने वहां अवैध निर्माण कर लिया। इसकी शिकायत मिली तो पालिकाध्यक्ष ने बिना समय गंवाए अतिक्रमण को ध्वस्त करने के आदेश कर दिए। साथ ही फोन के माध्यम से प्रगति की जानकारी भी लेते रहे। उधर आदेश के बाद पालिका की टीम तहसीलदार मनोज कुमार वार्ष्णेय के साथ जेई विशाल चौहान, सेनेटरी इंस्पेक्टर राजीव यादव, नजूल अमीन सूरज की टीम उक्त स्थान पर पहुंची।

## जीएम हॉस्पिटल में नि:शुल्क जांच शिविर का हुआ आयोजन

**मथुरा।** गोवर्धन कुन्जेरा रोड पर स्थित जीएम हॉस्पिटल में गुरुवार को होने वाले हड्डी जोड एवं स्त्री प्रसूति जांच शिविर में दीप प्रज्जवलन बगलामुखी के महाराज ओंकारेश्वर महाराज गोवर्धन चिकित्सा अधिकारी डॉ नेहा चौधरी विष्णु रावत फार्मासिस्ट डॉ हर्षित मेहता डॉ नुपुर मेहता मेहता हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेन्टर मथुरा व सचिव बीबी शर्मा बिन्देश कुमार दिक्षित डॉ अभिषेक चैधरी मेडिकल डारेक्टर जीएम हॉस्पीटल आकाश कुमार गौतम पवन शर्मा के द्वारा हड्डी, जोड एवं स्त्री प्रसूति जांच शिविर का शुभारम्भ किया गया।डॉ हर्षित मेहता हड्डी एवं जोड़ विशेषज्ञ एवं डॉ नुपुर मेहता स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ मेहता हॉस्पीटल एण्ड आईवीएफ सेन्टर मथुरा व उनकी टीम के द्वारा हड्डी जोड एवं स्त्री प्रसूति जांच शिविर का आयोजन किया गया।

## शराब के ठेकों की नीलामी से होगी 61 करोड़ 38 लाख के राजस्व की प्राप्ति: शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की आबकारी नीति के अनुसार वर्ष 2023-24 के लिए कुरुक्षेत्र में 12 जोन के शराब के ठेकों की नीलामी कर दी है। इस नीलामी से सरकार को लगभग 61 करोड़ 38 लाख 35 हजार रुपए का राजस्व मिलेगा। हालांकि सरकार ने इन 12 जोन के ठेकों के लिए 58 करोड़ 5 लाख रुपए का रिजर्व प्राइज रखा था। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आबकारी विभाग की तरफ से जिला के ठेकों को 27 जोन में बांटा गया और हर जोन में शराब के 2 ठेके शामिल किए गए। इनके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे और बकायदा ठेकों की नीलामी करने के



लिए कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी की देखरेख में ही 12 जोन के ठेकों के लिए मिले आवेदनों पर आगामी कार्रवाई की गई। इन 12 जोन के ठेकों के लिए सरकार की तरफ से 58 करोड़ 5 लाख रुपए का रिजर्व प्राइज रखा गया था, जबकि नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से 12 जोन के ठेकों से साल भर में 61 करोड़ 38 लाख 35 हजार 14 रुपए का राजस्व प्राप्त होगा। इसके अलावा बाकी बचे जोन के ठेकों की नीलामी प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाएगा। जोन के ठेके 6 करोड़ 35 लाख 55 हजार 555 रुपए, बिशनगढ़-बाहरी जोन के ठेके 10 करोड़ 52 लाख 901 रुपए, खेड़ी दबदलान-मुरादनगर जोन के ठेके 3 करोड़ 45 लाख 55 हजार 555 रुप, गजलाना-बाखली जोन के ठेके 2 करोड़ 13 लाख 55 हजार 555 रुपए, बाबैन-बहलोलपुर जोन के ठेके 5 करोड़ 35 लाख 55 हजार 555 रुपए होगी।

# 'विकसित राष्ट्र के लिए सुदृढ़ शिक्षा व्यवस्था का होना अति आवश्यक'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** खंड पेहवा में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत छह दिवसीय एफ एल एन शिक्षण प्रशिक्षण के दूसरे समूह के सफल संचालन को सुनिश्चित करने हेतु जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट एवं खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र गर्ग एवं एलएलएफ से वरिष्ठ जिला समन्वयक ओमपाल डुमोलिया द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर रामदिया गागट जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र के लिए एक सुदृढ़ शिक्षा व्यवस्था का होना अति आवश्यक है। इस प्रशिक्षण के दौरान राज्य के सभी प्राथमिक अध्यापकों



को प्रशिक्षित किया जाएगा। खंड पेहवा के कुल 340 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जाएगा जिसके प्रथम चरण में 120 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है जो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का अति महत्वपूर्ण पहलू है जिसका उद्देश्य बच्चों में केवल पढ़ने के कौशल

**8 गागट एवं खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र गर्ग एवं एलएलएफ से वरिष्ठ जिला समन्वयक ओमपाल डुमोलिया द्वारा निरीक्षण किया गया**

का विकास करना ही नहीं है बल्कि समझ के साथ पढ़ने के कौशल का विकास करना है। इस प्रशिक्षण के दौरान अध्यापकों को हिंदी गणित व अंग्रेजी के अध्यापन हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा जिसके अंतर्गत नई शिक्षा नीति के तहत निर्धारित लक्ष्य कक्षा 3 के अंत तक छात्र को पढ़ने लिखने एवं अंकगणित को सीखने की क्षमता को प्राप्त करना है। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत अध्यापकों को 2022- 23 में 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है और शैक्षणिक स्तर 2023- 24 में भी 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तर पर प्रत्येक जिले से केआरपीएस का आठ दिवसीय प्रशिक्षण करवाया जा चुका है।

उन सभी केआरपीएस के द्वारा अपने-अपने ब्लॉक में सभी प्राथमिक अध्यापकों को छह दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कर्म अनुसार यह प्रशिक्षण 23 जून तक किया जाना निर्धारित किया है। इस अवसर पर एलएलएफ से सुमित शर्मा (खंड समन्वयक) केआरपी श्री भगवान, मिंटी रोहिल्ला, पवन, सुरजीत ,विजेता कुमारी ,अर्चना एवं दिनेश महिला सभी उपस्थित रहे।

## एचडीएफसी बैंक ने ग्लोबल ट्रेड एंड फॉरेक्स टॉक्स की शुरूआत की

**हिसार:** एचडीएफसी बैंक के रिटेल ट्रेड एंड फॉरेक्स फंक्शन ने अपने ग्राहकों की इस विषय को लेकर जानकारी बढ़ाने के लिए ग्लोबल ट्रेड एंड फॉरेक्स टॉक्स (जीटीएफटी) नामक एक नई लर्निंग और सहभागिता पहल शुरू की है। ये प्रोग्राम प्रतिष्ठित इस सेक्टर के एक्सपर्ट्स को एक कॉमन प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए डिजाइन किया गया है जहां वे वैश्विक व्यापार और विदेशी मुद्रा की दुनिया को शामिल करने वाले विभिन्न विषयों पर ज्ञान और विशेषज्ञता साझा कर सकते हैं। जीटीएफटी नॉलेज प्रदान करने और भारत भर में ग्लोबल ट्रेड और फॉरेन एक्सचेंज की समझ को आसान और समृद्ध बनाने के तरीकों की पहचान करने के लिए वर्चुअल और जमीनी स्तर पर विभिन्न प्रोग्रामों की एक विस्तृत सीरीज का आयोजन करेगा। इस अवसर पर श्री अरविंद वोहरा, ग्रुप हेड-रिटेल ब्रांच बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि एचडीएफसी बैंक में हम सभी के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है कि हम नीति निमार्ताओं से ग्लोबल ट्रेड और फॉरेन एक्सचेंज को लेकर देश की प्रोग्रेसिव मानसिकता के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। मैं सारंगी को विदेश व्यापार नीति 2023 और 2030 तक निर्यात को 2 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने के भारत के दृष्टिकोण के बारे में जानकारी देने के लिए धन्यवाद देता हूं। हम अपने समर्पित ट्रेड हेल्पडेस्क, व्यापक शाखा नेटवर्क और सर्टीफाईड ट्रेड विशेषज्ञता के माध्यम से टेक्नोलॉजी अनुकूल समाधान प्रदान करके इस मिशन में योगदान देंगे। श्री जतिंदर गुप्ता ने कहा कि हम ग्लोबल ट्रेड एंड फॉरेक्स टॉक्स के माध्यम से एक लर्निंग-कम-एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म शुरू करने को लेकर काफी खुश हैं।

## शैल लुब्रिकेंट्स ने भारत के मैकेनिक समुदाय को सशक्त बनाने के मकसद से लॉन्च किया सपने होंगे अपने

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

**फिनिश्ड** लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में दुनिया की दिग्गज शैल ने मैकेनिक समुदाय के लिए सपने होंगे अपने पहल शुरू करने की घोषणा की है जो उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद पहुंचाएगी। इस पहल को, शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया द्वारा हाल में कराए एक आंतरिक सर्वे का भी समर्थन हासिल है जिससे यह खुलासा हुआ था कि अधिकांश मैकेनिक्स किसी ब्रैंड के साथ जुड़ाव के लिए कई भावनात्मक पहलुओं जैसे कि आमदनी (वर्कशॉप अपग्रेड), परिवार (बच्चों की पढ़ाई और घर-परिवार की जरूरतें), पहचान (मान्यता), और हुनर (उन्नत कौशल हासिल करना) से प्रेरित होते हैं। वे इन क्षेत्रों में ब्रैंड से सार्थक सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

# पोखर में डूबने से तीन नाबालिग भाईयों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** जब प्रशासन अंतर्राष्ट्रीय बाल सुरक्षा दिवस मना रहा था मथुरा के गांव मगोर्रा में तीन मासूम पोरख में समा गये। गोवर्धन तहसील के थाना मगोर्रा गांव में गुरुवार को हुई हृदय विदारक घटना से पूरा गांव शोक में डूब गया। जिसने भी घटना के बारे में सुना उसके दिल बैठ गया। पूरे क्षेत्र में यह दुखद घटना लोगों को व्यथित कर रही है। मगोर्रा गांव में बनी पोखर में तीन सगे भाई एक के बाद एक समा गये। जब तक घटना की जानकारी लोगों को होती तीनों की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर प्रशासन के



आलाधिकारी भी मौके पर पहुंच गये। गुरुवार की सुबह मगोर्रा निवासी सुंदर के तीन पुत्र गांव में स्थित पोखर के पास बरगद के वृक्ष की टहनियों से लटक कर खेल रहे थे। वह गांव के पास ही आयोजित भंडारे में प्रसाद लेकर लौट रहे थे और रास्ते में खेलने लग गये थे। तभी तीनों में से किसी एक बच्चे की चप्पल उछल कर तालाब में गिर पड़ी। 10 वर्षीय बडा बेटा सोनू चप्पल निकालने के लिए पोखर में गया और गहरे पानी में समा गया। गहरे पानी मे सोनू के चले जाने के बाद उसका छोटा भाई आठ वर्षीय पंकज भाई को बचाने के लिए पोखर में उतर गया और वह भी गहरे पानी में चला गया। सबसे छोटा भाई छह वर्षीय मोनू अभी तक यह सब बाहर खडा देख रहा था। जब दोनों भाई पानी से बाहर नहीं आये तो वह भी उन्हें बचाने के लिए पोखर में उतर गया। एक के बाद एक तीनों भाई पानी में डूब गए। तभी किसी राहगीर की नजर तालाब में डूब रहे बच्चों पर पड़ी तो उसने शोर मचा दिया। तत्काल पोखर के पास ग्रामीण एकत्र हो गए और आनन फानन में बच्चों पर बाहर निकाला। सूचना पर तत्काल ही पुलिस मौके से पहुंच गई।

# दीवाना के स्कूल की दसवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शानदार

## मुख्याध्यापक सरदार जसपाल सिंह एवं मेरिट में आए छात्रों को ग्राम पंचायत ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**राजकीय** उच्च विद्यालय दीवाना का दसवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा जिसको लेकर विद्यालय में ग्राम पंचायत द्वारा छात्र अध्यापक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के 12 छात्र मेरिट में आए और अन्य छात्र भी बेहतरीन अंको से उत्तीर्ण हुए जिसको लेकर अभिभावकों और ग्राम पंचायत के सदस्यों में प्रसंता देखते ही बनती थी। विद्यालय का वातावरण छात्रों की सफलता के कारण खुशी से भरा हुआ था। ग्राम पंचायत दीवाना ने जो छात्र दसवीं कक्षा



की बोर्ड वार्षिक परीक्षा परिणाम में अव्वल आए हैं उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष तौर से विद्यालय के मुख्याध्यपक सरदार जसपाल सिंह जिनके नेतृत्व में राजकीय उच्च विद्यालय दीवाना दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है, ग्राम पंचायत ने उन्हें भी सम्मानित किया जिसको लेकर सभी छात्रों और स्टाफ सदस्यों में प्रसंता देखने को मिल रही है। ग्राम पंचायत में दसवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम से प्रभावित होकर विद्यालय के स्टाफ सदस्यों को भी सम्मानित किया गया और कार्यक्रम के अंत में मेरिट में आए सभी छात्रों को साथ लेकर ग्राम पंचायत के सदस्यों और विद्यालय स्टाफ के सदस्यों ने गांव में छात्र प्रेरणा रैली निकाली जिसको देख कर के अभिभावक गदगद हो गए। विद्यालय के मुख्याध्यापक सरदार जसपाल सिंह ने छात्रों और अध्यापकों के सम्मान के लिए ग्राम पंचायत दीवाना और समस्त अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने सभी अभिभावकों और अध्यापकों से आह्वान किया की सभी समन्वय स्थापित करके छात्रों की भलाई हेतु कार्य करें।

# अंतर्राष्ट्रीय बाल सुरक्षा दिवस पर बच्चों को किया अधिकारियों के प्रति जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

अंतर्राष्ट्रीय बाल सुरक्षा दिवस पर किशोर न्याय बोर्ड सदस्य सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि बदलते परिवेश में बच्चों को उनके अधिकारों की जानकारी होना बेहद जरूरी है, यह समय की मांग है। उन्होंने एक जून को विश्व बाल सुरक्षा दिवस के अवसर पर बच्चों के सुरक्षित, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की है। उन्होंने कहा है कि बच्चों से संबंधित बढ़ते आपराधिक मामलों को देखते हुए हमें उनके प्रति अधिक संवेदनशील होने की जरूरत है। वर्तमान समय में हम सबकी जिम्मेदारी है कि



बच्चों से जुड़े किसी भी तरह के शोषण को रोकने के लिए ऐसे मामलों को सामने लाएं। बाल कल्याण समिति मथुरा की सदस्य सीमा शर्मा ने कहा कि हमें बच्चों के शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को जानने और समझने की भी जरूरत है। आज हमारी सतर्कता और व्यवहार ही भावी पीढ़ी भविष्य को सुरक्षित कर सकती है। इस अवसर पर बाल अधिकारों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए जागरूकता रैली पन्ना पोखर सेंटर से औधोगिक क्षेत्र, गोपाल नगर, टीचर्स कॉलोनी, सीडीएस नगर, महोली रोड होते हुए जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र पन्ना पोखर सेंटर मथुरा निकाली गई।

# संपादकीय

## कट्टरपंथियों के दुश्मन थे वीर शिवाजी

**भारत** के वीर सपूतों में से एक श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज को सभी जानते हैं। बहुत से लोग उन्हें हिन्दू हृदय सम्राट कहते हैं तो कुछ लोग मराठा गौरव। जबकि उन्हें भारतीय गणराज्य का सबसे बड़ा महानायक कहा जाए तो गलत नहीं होगा। छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 में एक हिन्दू परिवार में हुआ। कुछ लोग 1627 में उनका जन्म बताते हैं। उनका पूरा नाम शिवाजी भोंसले था। पिता शाहजी और माता जीजाबाई के पुत्र थे वीर शिवाजी महाराज। उनका जन्म स्थान पुणे के पास स्थित शिवनेरी का दुर्ग है। राष्ट्र को विदेशी, कट्टरपंथी और आततायी राज्य-सत्ता से स्वाधीन करा कर सारे भारत में एक सार्वभौम स्वतंत्र शासन स्थापित करने का एक सफल प्रयत्न स्वतंत्रता के अनन्य पुजारी वीर प्रवर शिवाजी महाराज ने किया था। इसी प्रकार उन्हें एक अग्रगण्य वीर एवं अमर स्वतंत्रता-सेनानी स्वीकार किया जाता है। महाराणा प्रताप की तरह वीर शिवाजी राष्ट्रीयता के जीवंत प्रतीक एवं परिचायक हैं। कुछ नासमझ शिवाजी पर मुस्लिम विरोधी होने का दोषारोपण करते रहे हैं, पर यह सत्य इसलिए नहीं क्योंकि उनकी सेना में तो अनेक मुस्लिम सेनानी थे ही, अनेक मुस्लिम सरदार और सूबेदार भी थे। वास्तव में शिवाजी का सारा संघर्ष उस कट्टरता और उद्दंडता के विरुद्ध था, जिसे औरंगजेब जैसे शासकों और उसकी छत्रछाया में पलने वाले लोगों ने अपना रखा था। 1674 की ग्रीष्म ऋतु में शिवाजी ने धूमधाम से सिंहासन पर बैठकर स्वतंत्र प्रभुसत्ता की नींव रखी। दबी-कुचली हिन्दू जनता को उन्होंने भयमुक्त किया। हालांकि ईसाई और मुस्लिम शासक बल प्रयोग के जरिए बहुसंख्य जनता पर अपना मत थोपते, अतिरिक्त कर लेते थे, जबकि शिवाजी के शासन में इन दोनों संप्रदायों के आराधना स्थलों की रक्षा ही नहीं की गई बल्कि धर्मान्तरित हो चुके मुसलमानों और ईसाइयों के लिए भयमुक्त माहौल भी तैयार किया। शिवाजी ने अपने आठ मंत्रियों की परिषद के जरिए छह वर्ष तक शासन किया। उनके प्रशासन तंत्र में कई मुसलमान भी शामिल थे। शिवाजी वो राजा थे जो सभी धर्मों का सम्मान करते थे। उन्होंने अपने प्रशासन में मानवीय नीतियाँ अपनाई, जो किसी धर्म पर आधारित नहीं थी। स्वयं शिवाजी के दादा मालोजीराव भोसले ने सूफी संत शाह शरीफ के सम्मान में अपने बेटों को नाम शाहजी और शरीफजी रखा था। उनकी थलसेना और जलसेना में सैनिकों की नियुक्ति के लिए धर्म कोई मानदंड नहीं था और इनमें एक तिहाई मुस्लिम सैनिक थे। उनकी नौसेना की कमान सिद्दी संबल के हाथों में थी और सिद्दी मुसलमान उनकी नौसेना में बड़ी संख्या में थे। जब शिवाजी आगरा के किले में नजरबंद थे तब कैद से निकल भागने में जिन दो व्यक्तियों ने उनकी मदद की थी उनमें से एक मुसलमान था, उनका नाम मदारी मेहतर था। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और उनके तोपखाने की कमान इब्राहिम खान के हाथों में थी। शिवाजी सभी धर्मों का सम्मान करते थे और उन्होंने हजरत बाबा याकूत थोरवाले को ताउम्र पेंशन देने का आदेश दिया था तो फादर एंब्रोज की भी उस वक्त मदद की जब गुजरात स्थित उनके चर्च पर आक्रमण हुआ था। शिवाजी ने अपनी राजधानी रायगढ़ में अपने महल के ठीक सामने मुस्लिम श्रद्धालुओं के लिए पूजास्थल का ठीक उसी तरह निर्माण करवाया था जिस तरह से उन्होंने अपनी पूजा के लिए जगदीश्वर मंदिर बनवाया था।

# यूपीएससी परीक्षा में हिंदी ने लहराया परचम



सुनील कुमार महला

> "जानकारी देना चाहूंगा कि संविधान की आठवीं अनुसूची में क्रमशः असमिया, उड़िया, उर्दू, कन्नड, कश्मीरी,कोंकणी, गुजराती,डोगरी, तमिल, तेलगू, नेपाली, पंजाबी, बांग्ला,बोडो, मणिपुरी, मराठी, मलयालम, मैथिली,संथाली, संस्कृत व सिंधी को शामिल किया गया है। देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। हिन्दी देश की राजभाषा होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। यहां यह भी बताता चलूं कि राजभाषा हिंदी के विकास के लिए खासतौर से राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो"

**हाल** ही में यूपीएससी यानी कि संघ लोक सेवा आयोग के इतिहास में हिंदी मीडियम के सर्वश्रेष्ठ नतीजे आए हैं। यह दर्शाता है कि हिंदी लगातार आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर हम यह बात कह सकते हैं कि हिंदी की धमक अपने पूरे परवान पर है और अब यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में भी हिंदी अपना परचम लहरा रही है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि इस बार यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा के नतीजे अपने आप में काफी खास और विश्व हैं। इसकी वजह यह है कि 2022 बैच में हिंदी माध्यम से 54 उम्मीदवार सफल हुए हैं, जो कि बहुत बड़ी बात इसलिए है, क्योंकि अब तक यह समझा जाता था कि यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में अंग्रेजी भाषा का अधिक महत्व है, अब हिंदी ने यह साबित कर दिया है कि भाषा कोई भी हो,कभी कोई भी भाषा कमजोर नहीं होती है और सभी भाषाओं का अपना अपना अलग अलग महत्व व महत्ता है। जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में यूपीएससी का जो परिणाम आया है,यूपीएससी के इतिहास में हिंदी का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बताता चलूं कि पिछले साल आए 2021 बैच के रिजल्ट में हिंदी के 24 उम्मीदवार सफल हुए थे और इस बार यह आंकड़ा 54 के आंकड़े को छू गया है, यानी कि पिछली बार की तुलना में इस बार दुगने से अधिक कैंडिडेट हिंदी के साथ सफल हुए हैं, यह हिंदी का बहुत ही शानदार व अच्छा प्रदर्शन कहा जा सकता है। दूसरे शब्दों में हम यह बात भी कह सकते हैं कि अब हिंदी का ग्राफ लगातार सुधर रहा है। इस बार टॉप-100 में 66वीं, 85वीं व 89वीं रैंक पर तीन उम्मीदवारों ने सफलता हासिल की है। यह भी बताता चलूं कि हिन्दी माध्यम की टॉपर 66वीं रैंक हासिल करने वाली कृतिका मिश्रा कानपुर की रहने वाली हैं तथा दिव्या तंवर ने इस बार परीक्षा में 105वीं रैंक हासिल की है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि 2021 बैच में भी दिव्या ने 438वीं रैंक हासिल की थी और तब वह सबसे कम उम्र (महज 22 साल) की आईपीएस चुनी गई थीं। अब वह आईएएस हो गई हैं। इन नतीजों में सबसे खास बात यह है कि 54 उम्मीदवारों में से 29 उम्मीदवारों ने वैकल्पिक विषय के रूप में हिंदी साहित्य लेकर यह कामयाबी हासिल की है। दो छात्रों ने गणित विषय लेकर हिंदी माध्यम से सफलता हासिल की, जिनमें से एक ने




120वीं रैंक हासिल की है। बहरहाल, हिंदी को आज यदि हम विश्व भाषा कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्यों कि आज के समय में हिंदी के बोलने, समझने वालों की संख्या विश्व में तीसरी है। कितनी बड़ी बात है कि विश्व के 132 देशों में जा बसे भारतीय मूल के लगभग 2 करोड़ लोग हिंदी माध्यम से ही अपना कार्य निष्पादित करते हैं। लेकिन विडंबना की बात तो यह है कि आज भी बहुत से लोग हिंदी की तुलना में अंग्रेजी भाषा को ही अधिक तवज्जो या महत्व देते हैं और वे समझते हैं कि आज अंग्रेजी भाषा के बिना काम नहीं चलाया जा सकता है। बहुत से लोग अंग्रेजी भाषा सीखने,बोलने को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ते हैं और वे यह सोचते हैं कि यदि वे हिंदी बोलेंगे, पढ़ेंगे, लिखेंगे या सुनेंगे तो उन्हें दूसरे लोग अधिक महत्व नहीं देंगे। जबकि ऐसा नहीं है। अंग्रेजी भाषा भी बुरी नहीं है, कोई भी भाषा कभी भी अच्छी या बुरी नहीं होती है,हम सभी को विश्व की अनेकानेक भाषाएं सीखने का प्रयास करना चाहिए लेकिन अपनी मां बोली, अपनी मातृभाषा को छोड़कर दूसरी भाषा को नहीं अपनाना चाहिए, क्यों कि यदि हम स्वयं ही अपनी भाषा को, भाषाओं को महत्व नहीं देंगे तो हमारी भाषा, भाषाएं आखिरकार कैसे पनपेंगी ? सबसे पहले हमें अपनी भाषा को महत्व देना चाहिए, क्यों कि अपनी मां बोली, अपनी मातृभाषा में अभिव्यक्ति हमेशा सहज,सरल व सुबोध होती है। कोई भी व्यक्ति जितनी सहज अभिव्यक्ति अपनी मातृभाषा, अपनी मां बोली में दे सकता है, उतनी सहजता, सरलता से वह दूसरी भाषा में अपनी अभिव्यक्ति कभी भी नहीं दे सकता है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि एशियाई संस्कृति में अपनी विशिष्ट भूमिका के कारण हिंदी एशियाई भाषाओं से अधिक एशिया की प्रतिनिधि भाषा है।एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, हमारी संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। यह भारत की एकता व अखंडता की प्रतीक है।बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। हिंदी की शब्दावली वैज्ञानिक है और यह हमें भारत पारम्?परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्?यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा(आफिशियल लेंग्वेज) होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एक विशेष स्थान है।

जानकारी देना चाहूंगा कि संविधान की आठवीं अनुसूची में क्रमशः असमिया, उड़िया, उर्दू, कन्नड, कश्मीरी,कोंकणी, गुजराती,डोगरी, तमिल, तेलगू, नेपाली, पंजाबी, बांग्ला,बोडो, मणिपुरी, मराठी, मलयालम, मैथिली,संथाली, संस्कृत व सिंधी को शामिल किया गया है। देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। हिन्दी देश की राजभाषा होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। यहां यह भी बताता चलूं कि राजभाषा हिंदी के विकास के लिए खासतौर से राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो। इसी कड़ी में राजभाषा विभाग द्वारा प्र?येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया जाता है। 14 सितंबर, 1949 का दिन स्वतंत्र भारत के इतिहास में बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसी दिन संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इस निर्णय को महत्व देने के लिए और हिन्दी के उपयोग को प्रचलित करने के लिए साल 1953 के उपरांत हर साल 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। बहरहाल, आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है और आज के समय की स्थिति यह कि छात्र हिंदी के प्रति गर्व का अनुभव तो करते हैं लेकिन उसे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा का माध्यम बनाने से डर रहे हैं, वे सोचते हैं कि यदि वे हिंदी को अपना माध्यम चुनेंगे तो वे अन्य छात्रों की तुलना में पिछड़ जायेंगे, क्यों कि आज आम आदमी की यह सोच बन चुकी है कि सिर्फ और सिर्फ अंग्रेजी को अपनाकर ही आगे बढ़ा जा सकता है, लेकिन यह ठीक नहीं है। दरअसल, हमारे देश में आज भी हम मैकाले की शिक्षा पद्धति पर ही चल रहे हैं और अंग्रेजी भाषा से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।सच तो यह है कि कहीं न कहीं हम आज भी लार्ड मैकाले की शिक्षा प्रणाली को ही ढो रहे हैं। हम अपनी मातृभाषा की जड़ों से नहीं जुड़ पा रहे हैं। यह विडंबना ही है कि आज दुनिया के सर्वोच्च विश्वविद्यालयों में भी हमारे किसी विश्वविद्यालय का नाम नहीं है। शिक्षा को लेकर हमारा अतीत गौरवशाली रहा है, नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालयों में केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते रहे हैं। शिक्षा और ज्ञान हमारे देश की पहचान रही है, हमारी भाषा, हमारी संस्कृति भी हमारी पहचान है और हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि हमें इसी के बल पर पुनः भारत को विश्वगुरु के सिंहासन पर विराजमान करना है। आज हमारे छात्रों के भीतर भाषा को लेकर

# कविता

हुए सफल अब भगीरथी जी, विष्णुपदी तैयार।
किन्तु कौन रोके प्रवाह को, धरती सहे न भार।
कृपा हुई अब महादेव की, लिए जटा में रोक।
खुशी मिली सागर वंशज को, दूर हुआ सब शोक।
जेठ शुक्ल की तिथि दशमी थी, पड़ा दशहरा नाम।
चली हिमालय से माँ गंगा, बनी नदी शुभ धाम।
भगीरथी के आगे-आगे, पीछे गंगा मात,
चली उछलती देवनदी अब, भू की है सौगात।।
अति पावन गंगा का जल है, मोक्ष दिलाती नीर।
साधु-संत की तप: स्थली है, दूर करे सब पीर।
सत्य,पुण्य का है प्रमाण यह, लेते हैं जब हाथ।
बहुत कृपा विधि हुई आपकी, गंगा जल का साथ।।

पुष्पा पाण्डेय

## सामाजिक ताने-बाने के साथ खेलती सोशल मीडिया

**डॉ प्रियंका सौरभ**

**हाल** के दिनों में सोशल मीडिया जनमत को प्रभावित करने और समाज में चल रहे प्रचलित विमर्श को प्रभावित करने का एक शक्तिशाली साधन बन गया है। कम कीमत, व्यापक पहुंच, आसान पहुंच और स्मार्टफोन की उपलब्धता के कारण सोशल मीडिया इतना शक्तिशाली बनकर उभरा है। सोशल मीडिया ने एक दोधारी तलवार की तरह काम किया है जहां इसने एक तरफ लोकतांत्रिक भागीदारी के रास्ते को चौड़ा किया है, लेकिन इसने समाज में नफरत और हिंसा के प्रसार के बारे में चिंताओं को जन्म दिया है। सोशल मीडिया आज हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है तथा अपनी भूमिका निभाते हुए यह समाज और व्यक्तियों पर अत्यधिक प्रभाव डालता है। 21वीं सदी की पीढ़ी के लिये यह जीवन जीने का एक नया तरीका बन गया है। तो एक समय था जब लोग एक-दूसरे से व्यक्तिगत रूप से मिलते और बात करते थे और एक-दूसरे को पत्र लिखते थे। लोग अपना ज्यादातर समय परिवार के सदस्यों के साथ बिताते थे और लोग उनके रिश्ते को भी महत्व देते थे इसलिए पहले की पीढ़ियों के साथ यही स्थिति थी। लेकिन आज सब कुछ बदल गया है लोग अपना अधिकांश समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं और अब आप अपने जीवन में मिलने वाले लोगों से दूर रहकर भी आसानी से जुड़े रह सकते हैं और आप उनके जीवन के बारे में भी अपडेट प्राप्त कर सकते हैं और जान सकते हैं कि वे क्या हैं वे जीवन में क्या कर रहे हैं और इस तरह सोशल मीडिया ने समाज के पूरे ढांचे को बदल दिया है। हम सब जानते हैं कि दिन-रात में चौबीस घंटे होते हैं, और यही घंटे हर इंसान के लिए होते हैं। इन्हीं घंटों का इस्तेमाल हर व्यक्ति करता है। फर्क बस इतना है कि इन घंटों का सही इस्तेमाल करने वालों के पास नतीजे कुछ और निकलते हैं और जो इन घंटों का इस्तेमाल ठीक से नहीं कर पाते उनके लिए भविष्य में परिणाम सुख देने वाला नहीं होता। अब आप सोच रहे होंगे कि इंटरनेट के विकास और समय के इस हिसाब का आपस में क्या संबंध है। तो इसे ऐसे समझिए कि जिस इंटरनेट के जरिए हम समय बचाने का दंभ भरते हैं, वही इंटरनेट आपके जीवन के समय का बहुत बड़ा हिस्सा ले रहा है। अब यहीं पर यह समझना जरूरी है कि जो समय आप इंटरनेट पर बिता रहे हैं, उसमें से कितना समय आप सही इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले एक दशक में भारत के गांवों में इंटरनेट का इस्तेमाल सबसे ज्यादा बढ़ा है। ऐसा नहीं कि यह इस्तेमाल पूरी तरह से खराब और गलत है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि उसका किस हद तक इस्तेमाल आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। सोशल मीडिया ने उत्पीड़ित, हाशिए पर पड़े लोगों को आवाज देकर और व्यापक दर्शकों के साथ उनके दृष्टिकोण को साझा करके सार्वजनिक स्थान का लोकतंत्रीकरण किया है।

# विचार

## सस्ता व सुलभ साधन है साइकिल

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**3 जून** 2018 को विश्व में पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम छठवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। दो सौ साल पहले 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुओका शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिये बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे। पहले शहरों में किराए पर भी साइकिलें मिलती थी। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरूआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। देश में लॉकडाउन के दौरान दूसरे प्रदेशों में कमाने गए लाखों लोग साइकिल पर 1000-1500 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने घर पहुंचे थे। संकट के समय साइकिल ही उनके घर पहुंचने का एकमात्र साधन बनी थी। लॉकडाउन के दौरान लाखों लोगों के घर पहुंचने का सबसे उपयोगी साधन बनने से लोगों को यह बात अच्छी तरह समझ में आ गयी की साइकिल आज भी आम लोगों का सबसे सस्ता व सुलभ साधन है। अब तो विभिन्न प्रकार के फीचर से लैस गियर वाली कीमती साइकिले बाजार में आ गई है। पहले लोगों के पास सामान्य साइकिले ही हुआ करती थी। जिनके पीछे एक कैरियर लगा रहता था। जिस पर व्यक्ति अपना सामान रख लेता था व जरूरत पड़ने पर दूसरे व्यक्ति को बैठा लेता था। कई बार तो साइकिल सवार आगे लगे डंडे पर भी अपने साथी को बिठाकर 3-3 लोग साइकिल पर सवारी करते थे। साइकिल से वातावरण में किसी तरह का प्रदूषण नहीं होता था। पेट्रोल डलवाने का झंझट भी नहीं था। साइकिल उठाई पैडल मारे और पहुंच गए अगले स्थान पर। पहले के जमाने में साइकिल के आगे एक छोटी सी लाइट भी लगी रहती थी। जिसका डायनुमा पीछे के टायर से जुड़ा रहता था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# इतिहास झांकू

## समोसे का भारत में इतिहास

**भीष्म कुकरेती**

**मुझे** नहीं पता आज देहरादून में समोसा संस्कृति कितनी जिंदा है पर यह पता है कि समोसा भारत में नहीं जन्मे। पर हम जब भारत की कल्पना करते हैं तो हमें आज का भारत ही याद आता है। कभी भारत बहुत बड़ा क्षेत्र था। कहा जाता है कि समोसे का जन्म मिडल ईस्ट में हुआ। बात में दम है समोसे में नमक कम है व मैदा से बनता है। क्योंकि अमूनन आम भारतीय आज भी मैदे से दूर रहता है केवल विशेष पकवान छोड़कर। कहा जाता है कि ईरान में यह पकवान 9 या 10 सदी में सम्बुसक , या सम्बोसाग के नाम से जानता जाता है। ईरानी साहित्य में संबोसग , संबोसाग , सम्बुसक का सबसे पहले संदर्भ 10 वीं सदी में मिलता है। ईरानी इतिहासकार की किताब 'तारीख -ए - बेयहागी ' ( दसवीं सदी ) में मिलता है। और माना जाता है कि घुमन्तु व्यापारियों ने इस तिकोने मीठे भोज्य पदार्थ को दुनिया के अन्य कोनों में पंहुचाया। भारत में समोसा शायद 12 वीं या 13 वीं में व्यापारी या खानसामों द्वारा भारत में आय व सुल्तान के रसोई के शान बन गया। मोरोका यात्री इब्न बटाटा ने अपनी यात्रा वृत्तांत में लिखा है कि सुलतान बिन तुगलक के शाही भोजन गृह में उसे तिकोने सम्बुसक भोजन में दिए गए जिसके अंदर मस्यट , मटर , पिस्ता , बादाम व अन्य स्वादिस्ट पदार्थ भरे थे। तेरवीं सदी में महान सूफी विद्वान अमीर खुसरो ने लिखा है कि समोसा भद्र लोग खाते थे। मटन , मसालों व अन्य पदार्थों से समोसा बनता था ।अमीर खुसरों ने एक पहेली भी दी - समोसा क्यों नहीं खाया ? जूता क्यों नहीं पहना ? ताला न था। (जूते के सोल ताला कहा जाता है )अकबर के रत्न अबुल फजल ने 'आइना -ए -अकबरी में लिखा है कि बादशाह अकबर को समोसे पसंद थे। ब्रिटिश या यूरोपियन लोगों को भी समोसा गया तो उन्होंने भी समोसे को गले नहीं लगाया अपितु गले में उतार दिया। समोसों में क्षेत्रीय भेद स्वतंत्रता के पश्चात भारत में सर्वत्र समोसा संस्कृति प्रसार में सिंधी व पंजाबियों का योगदान है। अपनी भूमि से निर्वासियत हुए पंजाबियों ने होटल ही नहीं सड़कों में रेडिओ द्वारा भी समोसा संस्कृति का प्रसार किया। अब तो समोसा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति पा चूका है भारत में प्रांतीय व क्षेत्रीय स्वाद अनुसार कई प्रकार के समोसे उपलब्ध हैं। समोसा के मुख्य प्रकार - दो तरह स वर्गीकरण हो सकता है - १- आटे के अनुसार विभाजन जैसे मैदा के समोसे , बाजरे के समोसे , नाचनी -बेसन के समोसे , निखालिश गेंहू के आटे का समोसा आदि आदि।

## नई बीमारी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**डायबिटीज** के ज्यादातर सामान्य लक्षण हैं थकान, जलन, तनाव, थकान, बार-बार पेशाब आना और सिरदर्द जिसमें ताकत और स्टैमिना कम होना, वजन कम होना, भूख का बढ़ना आदि। जबकि डायवर्टिज में ऊटपटांग बातें करना, महंगाई का नाम लेते ही गोमूत्र पीने को कहना, विकास के नाम पर शहरों के नाम बदल देना, गिरते रुपए की बात उठे तो हनुमान चालीसा पढ़वा देना, जहाँ दाल न गल रही हो वहाँ सीबीआई को भेज देना, कोई देश के कर्ज के बारे में बात करे तो उसे देशद्रोही घोषित कर देना आदि इसके लक्षण हैं। ड़ायबिटीज में ब्लड शुगर लेवल दो प्रकार के होते हैं- फास्टिंग ब्लड शुगर लेवल और पोस्टप्रैंडियल ब्लड शुगर लेवल। आम तौर पर इसे रात भर के उपवास के बाद मापते हैं। डायवर्टिज में खून ह्यमापनेह्न की जगह ह्यबहानेह्न पर विश्वास किया जाता है। बहने वाला खून कितने काम का है इसकी जाँच चुनाव में पड़ने वाले वोटों से की जाती है। गौरतलब है कि खून बहाने वाले डायवर्टिज प्रेरक अपने खून को इन खूनों से दूर रखते हैं। इनके लिए अपना खून, खून और गैरों का पानी होता है। डायबिटीज गंभीर स्वास्थ्य परिणामों का कारण बनता है और यह शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को भी प्रभावित करता है। रक्त में अत्यधिक ग्लूकोज गुर्दे, रक्त वाहिकाओं, त्वचा को नुकसान पहुँचाता है जिसके परिणामस्वरूप हृदय, त्वचा और अन्य रोग होते हैं। इससे किडनी को नुकसान पहुंचता है, जिसके परिणामस्वरूप शरीर में अशुद्धियों का संचय होता है। डायवर्टिज बीमारी दलाल समाचार पत्रों, चैनलों और व्यापारियों के भड़काऊ शर्करा के कारण होती है। यह बीमारी किसी एक को न होकर पूरे समाज को होती है। ऊपर से मीठी बात करना, भीतर से आग लगाना और समाज के सारे अंग खराब कर विद्वेषों का संचार करना इस बीमारी के सामान्य लक्षण हैं। डायबिटीज में दिल की बीमारी हो सकती है, जबकि डायवर्टिज में सर्वांग बीमारी होती है। आदमी डायबिटीज के साथ तो रह सकता है, लेकिन डायवर्टिज के साथ कतई नहीं। आजकल डायवर्टिज महामारी का रूप धारण कर चुकी है। डॉक्टरों का कहना है कि सभी अपने-अपने घरों की खुदाई कर पूर्व जाँच कर लें।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# कर्नाटक में बगावती सुर, क्या कांग्रेस में टूट होगी

## जिन्होंने लिंगायतों को जोड़ा, उन्हें मंत्री नहीं बनाया; डैमेज कंट्रोल नहीं किया तो मुश्किल, हर किसी की इच्छा मंत्री, डिप्टी सीएम या सीएम बनने की होती है..

### नाराजगी?

**लक्ष्मण सावदी लिंगायत कम्युनिटी से आते हैं। वे चुनाव से पहले बीजेपी से कांग्रेस में आए थे**

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
'**मुख्यमंत्री** सिद्धारमैया के मंत्रिमंडल में उन्हें मिलाकर कुल 34 मंत्री हैं। इस बार कांग्रेस के अनुभवी नेताओं को चुना गया है। हम अभी-अभी पार्टी में आए हैं। राजनीति में धैर्य होना चाहिए। अगर ये दोनों चीजें हैं, तो कोई भी राजनीति कर सकता है। हालांकि मुझे उम्मीद थी। राजनीति में कोई साधु या संन्यासी नहीं होता। हर किसी की इच्छा मंत्री, डिप्टी सीएम या सीएम बनने की होती है।' ये दर्द कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण सावदी का है, जो कर्नाटक में मंत्रियों की शपथ के बाद 29 मई को सामने आया। कर्नाटक सरकार में 34 ही मंत्री बनाए जा सकते हैं, यानी सिद्धारमैया की कैबिनेट में नए विधायकों के लिए जगह नहीं है। यही वजह है कि कई नेताओं में गुस्सा है। लक्ष्मण सावदी लिंगायत कम्युनिटी से आते हैं। वे चुनाव से पहले बीजेपी से कांग्रेस में आए थे। बेलगावी की अथानी सीट से चुनाव लड़ा और 75 हजार वोट से जीते। लक्ष्मण सावदी बीजेपी की सरकार में 20 अगस्त 2019 से 28 जुलाई 2021 तक डिप्टी सीएम रहे हैं। लिंगायत कम्युनिटी में उनकी अच्छी पैठ है। इस बार टिकट कटने के बाद लक्ष्मण सावदी कांग्रेस जॉइन कर रहे थे, तब बीएस येदियुरप्पा समेत बीजेपी के बड़े. नेताओं ने उन्हें रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वे नहीं माने। तब बीजेपी ने कहा लक्ष्मण सावदी के पार्टी छोड़ने का कोई असर नहीं होगा, पर नतीजे इस दावे के उलट रहे। कांग्रेस के एक नेता के मुताबिक, 'सावदी के आने से 30 से 35 सीटों पर असर हुआ। लिंगायतों ने कांग्रेस को वोट दिए। इसी से इतनी बड़ी जीत मिली।' इसके बावजूद उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार को भी मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई। वे भी लिंगायत कम्युनिटी से आते हैं। हुबली-धारवाड़ सीट से लगातार 6 बार जीते, पर इस बार हार गए। ये तो उनकी बात हुई, जिन्हें पद नहीं मिला।





### 40 से ज्यादा विधायक मंत्री पद के दावेदार

**सिर्फ** जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी ही नहीं, कांग्रेस में 40 से ज्यादा विधायक मंत्री पद के दावेदार हैं और मंत्री बनने के लिए लॉबिंग कर रहे थे। अशोक चंदारगी कहते हैं कि 60 से ज्यादा विधायक सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के साथ हाईकमान से मिलने दिल्ली गए थे, वे सभी मंत्री पद चाहते हैं। कई अपने समर्थकों के जरिए विरोध भी करवा चुके हैं।

### लोकसभा चुनाव के वक्त हो सकती है फूट

2018 में कर्नाटक में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। इसके बाद कांग्रेस ने जेडीएस के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। एक साल के भीतर सरकार गिर गई, क्योंकि कांग्रेस-जेडीएस के 17 विधायक बीजेपी में शामिल हो गए थे। राज्य में दोबारा बीजेपी की सरकार बनी। इस बार कर्नाटक में कांग्रेस को बहुमत मिला है, लेकिन मंत्री पद न मिलने से कई बड़े नेता खुश नहीं हैं। कांग्रेस में एक साल तक टूट का खतरा नहीं है। लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस ने मैनेज नहीं किया, तो पार्टी में टूट हो सकती है। इसके पीछे वे दो कारण बताते हैं। पहला- कांग्रेस ने चुनाव से पहले लोगों को 5 गारंटी देने का वादा किया था, अभी इसे पूरा करने का वक्त है। ये वादे पूरे नहीं हुए, तो जनता में गुस्सा फैलेगा। दूसरी वजह कई सांसद और विधायकों के खिलाफ सीबीआई-ईडी की जांच है। कर्नाटक में डीजीपी रहे प्रवीण सूद को सीबीआई का नया डायरेक्टर बनाया है। वे कर्नाटक के तमाम नेताओं के सारे राज जानते हैं। ऐसे में कुछ दिन में सेंट्रल एजेंसियां राज्य में एक्टिव हो सकती हैं। ईडी की जांच में तो डिप्टी सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार भी फंसे हैं। हालांकि कांग्रेस के एक सीनियर लीडर दावा करते हैं कि लक्ष्मण सावदी और जगदीश शेट्टार दोनों को ही जल्द पद दिए जाने वाले हैं।

शेट्टार को एमएलसी बनाया जा सकता है। वहां पार्टी बहुमत में रहती है, तो उन्हें चेयरमैन भी बना सकते हैं। इसी तरह सावदी को भी बड़ा पद मिल सकता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दोनों नेताओं से बात भी की है। अब तक दोनों ने खुलकर बगावती तेवर नहीं दिखाए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### तीसरी बेटी हुई तो पिता ने मार डाला

**पीलीभीत:** पीलीभीत में एक पिता ने तीसरी बार बेटी पैदा होने पर उसकी निर्मम हत्या कर दी। आरोप है कि उसने नवजात को गोद में लेते ही जमीन पर पटक दिया। इससे बच्ची जख्मी हो गई। इसके बाद इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सास ने दामाद के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। मामला पूरनपुर थाना क्षेत्र का है। खानका मोहल्ले की रहने वाली शब्बो की शादी 8 साल पहले सिरसा गांव के रहने वाले फरहान के साथ हुई थी। शादी के बाद शब्बो ने दो बेटियों को जन्म दिया। इसके बाद वह फिर से गर्भवती हुई। 5 दिन पहले प्रसव पीड़ा होने पर मायके वाले शब्बो को ससुराल से लेकर एक नर्सिंग होम पहुंचे। यहां रविवार (28 मई) को उसकी डिलीवरी हुई। उसने एक प्यारी-सी बच्ची को जन्म दिया।

**फरहान को गोद में दी गई बच्ची, तो पटक दिया:** शब्बो की मां ने पुलिस को दी शिकायत में कहा, नर्सिंग होम के डॉक्टर की सलाह पर जज्जा-बच्चा दोनों को पास के अस्पताल में भर्ती में करवा दिया गया। इसके बाद देर शाम फरहान अपनी पत्नी और बच्चे को देखने वहां पहुंचा। इस दौरान फरहान की साली सुनैना नवजात बच्ची को लिए बैठी थी। उसने फरहान को देखते ही बच्ची उसकी गोद में दे दी। फरहान ने बच्ची को गोद में लेते हुए जैसे ही देखा कि वह बेटी है, उसे जमीन पर पटक दिया। इसके बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। बच्ची को जब उठाया गया, तब वह बेसुध हो गई थी। बच्ची की सांसें चल रही थीं। वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद नवजात को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।"

### लुधियाना में नकली सीबीआई अधिकारी पकड़े गए

**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना**
**पंजाब** के लुधियाना में पुलिस ने नकली सीबीआई अधिकारी और एक महिला को गिरफ्तार किया। ये दोनों शिमलापुरी इलाके में बहादुर सिंह नाम के व्यक्ति के घर जाली वारंट लेकर पहुंचे थे, लेकिन बहादुर सिंह के घर की देख-रेख करने वाले पड़ोसियों ने उन्हें पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि बहादुर सिंह को ये गैंग पिछले लंबे समय से ब्लैकमेल कर रही थी। वह पिछले हफ्ते ही शहर छोड़ कर विदेश चले गए हैं। बताया जा रहा है कि वह किसी सरकारी पद पर तैनात थे। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। जानकारी के मुताबिक आरोप नकली सीबीआई के कार्ड लेकर बहादुर के घर पहुंचे। यहां उन्होंने पड़ोसियों से कहा कि बहादुर सिंह पर धारा 302 के तहत मामला दर्ज है।

यदि मामला निपटाना चाहते हो तो 3 लाख रुपए दें। इसके बाद लोगों ने तुरंत महिला और पुरुष को पकड़ शोर मचा दिया। घटना स्थल पर थाना डाबा की पुलिस पहुंची।

## बीजेपी सांसद पंकजा मुंडे का पहलवानों को समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय कुश्ती** संघ के पूर्व अध्यक्ष सांसद बृजभूषण शरण सिंह और रेसलर्स विवाद में महाराष्ट्र से बीजेपी की सांसद और गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे की भी एंट्री हो गई है। उन्होंने पहलवानों को समर्थन दिया है। पंकजा मुंडे ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि एक सांसद के तौर पर ही नहीं बल्कि एक महिला के तौर पर भी मेरी उन महिला खिलाड़ियों में दिलचस्पी है। उन्होंने कहा कि जब इस तरह के आरोप लगे हैं तो इसकी समय पर जांच होनी चाहिए थी, सच सामने आना चाहिए था। सरकार की तरफ से किसी ने भी उन महिला खिलाड़ियों से संपर्क नहीं किया, जो होना चाहिए था। उन्होंने अपनी पार्टी को लेकर खुलकर नाराजगी जाहिर की है। पंकजा ने कहा कि मैं किसी चीज से नहीं डरती। डरना हमारे खून में नहीं है। अगर कुछ नहीं मिला तो मैं खेत में गन्ना काटने जाउंगी। मुझे स्वार्थ, आशा और इच्छा नहीं है। मैं बीजेपी की हूं, लेकिन बीजेपी मेरी थोड़ी है। बीजेपी एक बड़ी पार्टी है।

**सचिन के घर के बाहर पोस्टर:** उधर, कांग्रेस ने सचिन तेंदुलकर को भी इस विवाद में घसीट लिया है। यूथ कांग्रेस ने मुंबई में सचिन के घर के बाहर प्रदर्शन करते हुए पोस्टर लगा दिया। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे हटा दिया। पश्चिम बंगाल की उट ममता बनर्जी भी रेसलर्स के हक में उतर आईं। उन्होंने बंगाल में सड़क पर पैदल मार्च कर इंसाफ की मांग की। वहीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने फोगाट फैमिली के बीच मतभेद का मामला उठाया।



### सचिन से पूछा- क्रिकेट के भगवान चुप क्यों

**मुंबई** में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सचिन तेंदुलकर के घर पोस्टर लगाया। जिसमें लिखा- आप खेल जगत में 'भगवान' हैं, लेकिन जब कुछ महिला खिलाड़ी यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठा रही हैं तो आपकी इंसानियत नहीं नजर आती।

ये पोस्टर यूथ कांग्रेस की सदस्य रंजीता विजय गोरे की तरफ से लगाया गया था। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कोलकाता में हाजरा से रविंद्र सरोवर तक मार्च निकाला।



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाडली योजना पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

## कर्नाटक: आईएएफ का सूर्य किरण एयरक्राफ्ट क्रैश

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** के चामराजनगर में गुरुवार को आईएएफ का सूर्य किरण एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। यह हादसा भोगपुरा गांव के एक खुले मैदान में हुआ है। एयरक्राफ्ट की महिला पायलट समेत दोनों पायलट सुरक्षित हैं। आईएएफ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं। इस हादसे के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है।

**रूटीन ट्रेनिंग के दौरान हुआ हादसा:** आईएएफ ने बताया कि सुबह बेंगलुरु के एयरफोर्स स्टेशन से एक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट ने उड़ान भरी थी। इसे तेजपाल और भूमिका उड़ा रहे थे। वे रूटीन ट्रेनिंग पर थे। किसी कारण से उन्होंने विमान से नियंत्रण खो दिया और यह हादसा हुआ। इस घटना में दोनों पायलट को मामूली चोटें आई हैं।

**एयरफोर्स की एक टीम मौके पर पहुंची:** आईएएफ अधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एयरफोर्स की टीम पहुंची है। घटना की जांच की जा रही है। स्थानीय लोग भी वहां मौजूद हैं। क्रैश के बाद एयरक्राफ्ट के हिस्सों में लगी आग को बुझाया जा रहा है।

## बहन ने 12 साल के भाई का गला घोंटा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**हरियाणा** के फरीदाबाद में 15 साल की बहन ने 12 साल के भाई की गला दबाकर हत्या कर दी। बॉडी बेड पर रखकर चादर से ढंक दी। पुलिस ने जब लड़की से पूछताछ की तो उसने बताया कि भाई ने गेम खेलने के लिए मोबाइल नहीं दिया था इसलिए उसकी हत्या कर दी। लड़की ने यह भी कहा कि मां-बाप भाई को ज्यादा प्यार करते थे। गेम खेलने के लिए उसे ही मोबाइल देते थे। मैं मोबाइल मांगती या गेम खेलती तो मुझे डांटते थे। पीड़ित परिवार फरीदाबाद के कोलीवाड़ा में रहता है। माता-पिता गुरुवार को काम पर चले गए। पीछे बेटा और बहन अकेले रह गई। मृतक की मां ने कहा- शाम को ड्यूटी से लौटे तो बेटा बेड पर पड़ा था। हमें लगा कि बेटा सो रहा है। काफी देर वह नहीं उठा तो उन्होंने जगाने की कोशिश की। बच्चे के गले पर कुछ निशान दिखे। शक हुआ। तब तक आसपास के लोग भी वहां जमा हो गए। बेटे के गले पर निशान देख उन्होंने बेटी को बुलाया। बेटी ने कहा कि उसे कुछ पता नहीं। वह बीच में कुछ देर के लिए छत पर गई थी। उसने किसी को यहां आते-जाते भी नहीं देखा। उसे नहीं पता कि भाई के साथ क्या हुआ है? माता-पिता को शक हुआ कि उनके बेटे के साथ कुछ तो गलत हुआ है।

## दर्शन सुसाइडः मुंबई पुलिस ने चार्जशीट दायर की

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**आईआईटी**-बॉम्बे के स्टूडेंट दर्शन सोलंकी सुसाइड केस में मुंबई पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दायर की। चार्जशीट में दर्शन की मां और बहन के बयान शामिल हैं। जिसमें उनका दावा है कि दर्शन ने उन्हें सुसाइड के कुछ दिन पहले फोन करके बताया था कि उसके साथ जाति आधारित भेदभाव होता है। जब दोस्तों को उसकी जाति के बारे में पता चला तो उनका व्यवहार बदल गया। चार्जशीट में दर्शन के दोस्त अरमान खत्री का भी नाम है, जिसे दर्शन को सुसाइड के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह जमानत पर बाहर है। पुलिस का दावा है कि सोलंकी ने अरमान से उसके धर्म के बारे में आपत्तिजनक बातें कहीं थीं। इसे लेकर अरमान ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। इसके अलावा चार्जशीट में कई स्टूडेंट्स और प्रोफेसर्स समेत 55 गवाहों के बयान शामिल हैं।



**परिवारवालों को बताया था- दोस्त ताने मारते हैं:** चार्जशीट में कहा गया है कि जनवरी 2023 में छुट्टी के दौरान सोलंकी ने बहन से फिर इस बारे में बात की थी। इसके बाद 12 फरवरी को उसने दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट पर अपनी मां से फोन पर बात की और कहा कि वह 14 फरवरी को घर आएगा। उन्हें अपने सभी रिश्तेदारों को मिलने के लिए बुलाना चाहिए।

**बचाया** 4 दोस्तों को बहा ले गई तेज लहर, बीच पर मौजूद एमएल ने समंदर में छलांग लगाई

## भाजपा विधायक ने 3 युवकों को डूबने से बचाया

**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर**
**गुजरात** में भाजपा के विधायक हीरा सोलंकी ने समुद्र में डूब रहे तीन युवकों की जान बचाई। दरअसल ये लोग राजुला के पटवा में बनी खाड़ी में नहाने गए थे। तेज लहर के कारण तीनों गहराई में चले गए और डूबने लगे। गुजरात के अमरेली में राजुला से बीजेपी विधायक हीरा सोलंकी भी बीच पर मौजूद थे। इन लोगों को डूबता देख उन्होंने समंदर में छलांग लगा दी। हालांकि, एक युवक को बचाया नहीं जा सका, गहराई में डूबने उसकी मौत हो गई। इस हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है।



सोलंकी इसके पहले भी 2018 में एक डूबते हुए युवक को बचाने के लिए समुद्र में उतरे थे।

**नहाने के लिए समुद्र में गए थे युवक:** रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजुला के पटवा गांव में चारों युवक समुद्र किनारे बनी खाड़ी में नहाने गए थे। तेज लहर के कारण वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्होंने मदद के लिए आवाज लगाई। लोग आवाज सुनकर घटनास्थल पर पहुंच गए। विधायक सोलंकी भी बीच पर मौजूद थे। उन्होंने युवकों को बचाने के लिए तुरंत समुद्र में छलांग लगा दी। वहां मौजूद कुछ और लोगों की मदद से उन्होंने तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, चौथा युवक तब तक डूब चुका था।

### देवदूत

**युवकों को बचाने के लिए तुरंत समुद्र में छलांग लगा दी। लोगों की मदद से उन्होंने तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया**

